an>

Title: Need to increase minimum wages in Agriculture sector.

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान 9 करोड़ किसान परिवारों की ओर दिलाना चाहता हूं। यह बहुत ही संवेदनशील और गंभीर मुद्दा है। मैं पिछले दो वÂर्षों से संसद में सुन रहा हूं कि सभी पार्टियां किसानों का हित चाहती हैं। 1 अप्रैल, 2016 को सैंट्रल मिनिमम वेजेस एडवाइज़री बोर्ड ने जो न्यूनतम मजदूरी तय की है, वह किसानों की सबसे कम है। आपको जानकर बुरा लगेगा कि शहरों में 134 रुपये का डिफरैंस है। एक झाड़ू देने वाले सफाई कर्मचारी की मजदूरी 134 रुपये है। इसका अप्रत्यक्ष रूप से असर होता है कि जिसे हम मिनिमम सपोर्ट प्राइस कहते हैं, जिसे भारत सरकार किसानों के लिए तय करती है, वह कम तय होता है। इससे पूरे देश के किसानों पर बुरा असर पड़ता है। मैं आपके माध्यम से कृषि मंत्री जी से रिक्वैस्ट करता हूं कि इस पर दुबारा ध्यान दिया जाए।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी,

श्री सुधीर गुप्ता,

श्री रोड़मल नागर,

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री मुकेश राजपूत और

श्री भोला सिंह को डॉ. सत्यपाल सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।